भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2322

जिसका उत्तर मंगलवार, 03 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है

विद्युत वाहन

2322. श्री डी. के. सुरेश:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में विद्युत संचालित कार और स्कूटर विनिर्माण को बढ़ावा देने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में ई-कारों और ई-स्कूटरों की भारी मांग है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में ई-स्कूटर निर्माण के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) बाजार में कुल कितनी विद्युत कारों और ई-स्कूटरों के उतरने की उम्मीद है; और

(ङ) क्या सरकार ने ई-कारों और ई-स्कूटरों के लिए बड़े पैमाने पर एक बाजार शुरू करने हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) और (ख): जी, हाँ। भारी उद्योग विभाग ने एक योजना नामतः “भारत में इलेक्ट्रिक (और हाइब्रिड) वाहनों का तीव्र अंगीकरण एवं विनिर्माण” तैयार की है जिसमें ई-दुपहिया और ई-चौपहिया वाहनों के खरीदारों को माँग प्रोत्साहन देकर अगले तीन वर्षों में लगभग एक मिलियन ई-दुपहिया और 55000 ई-चौपहिया वाहनों की सहायता की जाने की आशा है।

(ग) से (ङ): भारी उद्योग विभाग के विचारार्थ ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****